





# रीवा-सीधी हाइवे पर शव रखकर परिजनों ने लगाया जाम

## तीन घंटे तक फंसे रहे वाहन, समझाइश के बाद शाम को खुला जाम, प्रताड़ना के आरोप में कार्यवाही की मांग, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 अप्रैल, जिले के गुढ़ थाना अन्तर्गत बदवार में रीवा-सीधी मार्ग पर परिजन एवं स्थानीय लोगो ने शव रखकर सड़क पर जाम लगा दिया. तीन घंटे से अधिक समय तक लगे जाम से दोनो तरफ वाहनो के पहिये जाम हो गये और लोग हलाकान होते रहे. मौके पर पहुंची पुलिस समझाइश देती रही लेकिन परिजन कार्यवाही के मांग पर अड़े रहे. बाद में तहसीलदार की समझाइश और आश्वासन के बाद जाम हटाया गया.**



दरअसल बदवार निवासी कमलेश पाल पिता मोोलई पाल उम्र 30 वर्ष के साथ मारपीट हुई थी. जिसकी शिकायत थाने में की गई थी. लेकिन कोई कार्यवाही न होने के कारण उसके द्वारा शुक्रवार की दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई. परिजनो का आरोप है कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोई कार्यवाही नही की. जिसकी वजह से कमलेश ने यह आत्मघाती कदम उठाया है और आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर नेशनल हाइवे 39 में शव रखकर जाम लगा दिया. शुक्रवार की दोपहर बच्चो के साथ कमलेश कमरे में सो रहा था और अन्य सदस्य फसल काटने खेत गये थे. तीन बजे बच्चो के रोने की आवाज आई तो देखा कि कमलेश फांसी पर लटका है.

समझाइश के बाद भी परिजन मानने को तैयार नही थे. दो दर्जन से अधिक लोगो पर पुलिस ने जाम लगाने को लेकर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है. इस मामले में गुढ़ थाना प्रभारी शैल यादव से चर्चा की गई तो उन्होने ने बताया कि मृतका के परिजनो को समझाते हुए कार्यवाही करने की बात कही गई है. जिससे परिजन मान गये है और आगे की कार्यवाही की जा रही है. परिजनो ने जिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है, इसकी जांच की जा रही है. जांच के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी.

### प्रताड़ना का आरोप लगाया परिजनों ने

पीएम के बाद शनिवार को परिजन शव लेकर बदवार पहुंचे और बेलहई के एक युवक पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए ग्रामीणो के साथ मिलकर बदवार-सीतापुर मोड़ हाइवे 39 पर जाम लगा दिया. परिजनो का आरोप है कि कमलेश को आरोपी प्रताड़ित कर रहा था लेकिन पुलिस ने कार्यवाही नही की और उसकी जान चली गई. तीन घंटे तक परिजन कार्यवाही की मांग पर अड़े रहे और जाम खोलने को तैयार नही थे. रीवा-सीधी मार्ग में लम्बा जाम लग गया और लोग हलाकान होते रहे. पुलिस परिजनो को समझाने में लगी रही लेकिन वह सुनने को तैयार नही थे. दोपहर से लेकर शाम पांच बजे तक जाम लगा रहा. बाद में रीवा से पुलिस अधिकारी और तहसीलदार पहुंचे जहा परिजनो को समझाइश दी तब जाकर जाम खोलने को तैयार हुए.

# सहकारिता विभाग में भाई-भतीजावाद, एक ही अधिकारी के पास 16 समितियों का प्रभार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 अप्रैल, रीवा और मऊगंज जिले में सहकारिता विभाग में इन दिनों अपनी कार्यप्रणाली को लेकर गहरे सवालों के घेरे में है. सहकारिता विभाग के प्रशासक के रूप पर कई वरिष्ठ निरीक्षकों का दायित्व है, यही वरिष्ठ निरीक्षक एवं निरीक्षक दूसरे की ऑडिट करते हैं.**

निरीक्षण के अभाव में धान गेहूं खरीदी में खयानत हो जाती है, और समितियां अपने आय से वंचित हो जाती हैं जिले की कई सहकारी समितियां वित्तीय कुप्रबंधन के कारण दिवालिया होने की कगार पर हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार प्रशासकों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं होना एक बड़े 'सिंडिकेट' की ओर इशारा कर रहा है.हैरानी की बात यह है कि रीवा जिले की अधिकांश समितियों में सहकारिता उप-निरीक्षकों को ही प्रशासक नियुक्त किया गया है. यहाँ 'हितों के टकराव' का खुला खेल चल रहा है, जहाँ एक प्रशासक दूसरे प्रशासक की समिति का ऑडिट और निरीक्षण करता है. ऐसे में निष्पक्ष जांच की उम्मीद करना बेमानी साबित हो रहा है.अनिल गुप्ता एक अधिकारी ऐसे हैं जिनके पास प्रशासक, सहकारिता निरीक्षक का दायित्व, फूड विभाग के कार्य को देखना, फूड इंस्पेक्टर का भी हनुमना का प्रभार है, 16 प्रभार की समितियों में 11 खरीदी हैं. सबसे चौंकाने वाला मामला मऊगंज जिले से सामने आया है.

सहकारिता उप-निरीक्षक अनिल गुप्ता, जिनके पास जिले के सहकारिता विभाग का प्रमुख दायित्व है, वर्तमान में 16 सोसायटियों के प्रशासक बने हुए हैं.ये समितियां केवल एक ब्लॉक तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कई अलग-अलग ब्लॉकों की प्रमुख सोसायटियां उनके अधीन हैं. सवाल यह उठता है कि एक अकेला अधिकारी इतनी अधिक समितियों का प्रबंधन और निगरानी कैसे कर सकता है?

### समितियों की जांच कराने की आवश्यकता

समितियों की आय और व्यय का विवरण सार्वजनिक किया जाए. अधिकारियों के परिजनों की संपत्ति की जांच किसी निष्पक्ष एजेंसी या एंटी-करप्शन ब्यूरो से कराई जाए. एक व्यक्ति, एक पद' के सिद्धांत को लागू कर प्रशासन में पारदर्शिता लाई जाए. यदि उच्च स्तरीय जांच एजेंसियां रीवा और मऊगंज के सहकारिता जाल की परतों को उधेड़ती हैं, तो करोड़ों के घोटाले और भ्रष्टाचार के कई बड़े खुलासे होना तय हैं, 146 में 72 सहकारिता निरीक्षक प्रशासक हैं.

## संक्षिप्त



### शिविर में दिया गया प्रशिक्षण

**रीवा,** मिशन कर्मयोगी के तहत पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में शनिवार को पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में न्यू क्रिमिनल लॉ विषय पर राज्य स्तरीय वेबीनार का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण के एडीपीओ मनीष कुमार पांडे, पीटीएस रीवा ने वक्ता के तौर पर सभी को प्रशिक्षण प्रदान किया. इस वेबीनार में प्रदेश के समस्त जिलों के अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया. इसके साथ ही पीटीएस रीवा में पदस्थ कार्यवाहक निरीक्षक श्रीमती रीना सिंह का स्थानांतरण जिला मऊगंज में होने से पुलिस अधीक्षक के द्वारा विदाई समारोह में उन्हें एक पौधा स्मृति चिन्ह स्वरूप प्रदान किया गया. साथ ही जिले में जाकर पूरी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने समस्त पदीय दायित्वों का निर्वहन करने की समझाइए दी गई.



### एडीएम ने जनगणना कार्यों का किया निरीक्षण

**हनुमना.** जिले में जनगणना 2027 की तैयारियां शुरू हो गई हैं. इसी क्रम में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी पी.के. पाण्डेय ने हनुमना तहसील एवं नगर परिषद क्षेत्र में संचालित जनगणना संबंधी प्रारंभिक कार्यों का निरीक्षण किया और प्रगति की समीक्षा की. निरीक्षण के दौरान श्री पाण्डेय के साथ जिला प्रभारी मोहित साहू एवं जनगणना सुपरवाइजर (नगर परिषद हनुमना) सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे. अधिकारियों के दल ने हनुमना तहसील कार्यालय सहित नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में जाकर गणना ब्लॉकों के चिन्हांकन और प्रगणकों द्वारा किए जा रहे कार्यों का सूक्ष्म अवलोकन किया. निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने डेटा संकलन की शुद्धता और पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया. उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि समयबद्धता जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, अत: निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी प्रपत्रों और डिजिटल प्रविष्टियों को पूर्ण करें. गुणवत्ता एवं सटीकता डेटा संकलन में किसी भी प्रकार की त्रुटि न करें. प्रत्येक परिवार और भवन का विवरण पूर्ण शुद्धता के साथ दर्ज करें. फील्ड में कार्य कर रहे प्रगणक और पर्यवेक्षक आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यों को व्यवस्थित रूप से संपादित करें. तकनीकी दक्षता डिजिटल माध्यम से किए जा रहे कार्यों में तकनीकी बारीकियों का विशेष ध्यान रखें.



### सांसद के प्रयासों से रीवा मुंबई ट्रेन हुई नियमित

**रीवा,** रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा के प्रयासों से रीवा से मुंबई को जाने वाली सप्ताहिक ट्रेन को रेलवे बोर्ड ने स्थाई कर दिया है. जिससे पूरे विंध्य क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात के रूप में देखा जा रहा है. रेलवे के क्षेत्र में रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा सतत प्रयास किया जा रहा है जिसका परिणाम है कि रीवा से देश के विभिन्न क्षेत्रों में कई ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है मुंबई रेल के स्थाई होने से लगभग 20 प्रतिशत किराए में कमी आएगी और निर्धारित समय पर ट्रेन जाएगी और वापस आएगी. रीवा नगर के व्यापारियों ने रीवा सांसद का आभार व्यक्त करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है और कहा है कि मुंबई से सीधे व्यापारिक गतिविधियां तेज होगी और व्यापार क्षेत्र में गुणात्मक वृद्धि होगी. स्थानीय व्यापारी कैलाश कोटवानी कमलेश सचदेवा अनिल बुधनी कमल सोनी मोहम्मद हनीफ अनिल केसरवानी नंदलाल ताम्रकार हनुमान प्रसाद गुप्ता डॉ. दीपक अग्रवाल पीतांबर गुप्ता प्रबोद व्यास दीनानाथ वर्मा विवेक गौतम उमाशंकर पटेल श्रीमती विमलेश मिश्रा राम नारायण मिश्रा श्रीकांत तिवारी राजेंद्र तिवारी इंद्रेश चतुर्वेदी विनोद चतुर्वेदी मोतीलाल पटेल योगेंद्र शुक्ला अनिल पटेलअमरेश पांडे मनीष पाठक ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है.

# नव-निर्मित शिक्षा भवन का डिप्टी सीएम आज करेंगे लोकार्पण

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 अप्रैल, जिले के जवा तहसील मुख्यालय में संचालित ईश्वरचंद्र विद्यासागर महाविद्यालय जवा में नव-निर्मित शिक्षा भवन का लोकार्पण एवं महाविद्यालय का 32वॉ रजत जयंती समारोह आज मनाया जायेगा.**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला के हाथों लोकार्पण होगा. जिसमे विशिष्ट अतिथि के रूप में सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्षया श्रीमती नीता कोल, भाजपा जिलाध्यक्ष बीरेंद्र गुप्ता, ननि अध्यक्ष व्यंकटेश पांडेय, पूर्व कुलपति एपीएस डॉ. रहस्यमणि मिश्र, पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. सुरेंद्र सिंह परिहार, प्राचार्य शास.विज्ञान महाविद्यालय रीवा डॉ. आर एन तिवारी एवं कुलगुरु स्वामी विवेकानंद वि.वि सागर डॉ. ध्रुव कुमार द्विवेदी मौजूद रहेंगे. जिसकी अध्यक्षता रीवा सांसद जनार्दन मिश्र द्वारा किया जाएगा. कार्यक्रम को लेकर विद्यासागर शिक्षा समिति अध्यक्ष रमाशंकर मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम में 5 अप्रैल को सुवह 11 बजे से सुंदरकांड, दोपहर 02 बजे से नव निर्मित शिक्षा भवन का लोकार्पण, इसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर महाविद्यालय का 32वॉ रजत जयंती मनाई जाएगी.

# खाद वितरण में लापरवाही पर 20 विक्रेताओं को नोटिस और 7 के लाइसेंस निलंबित

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 अप्रैल, रीवा और मऊगंज जिले में खाद वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए लागू की गई ई-विकास प्रणाली के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की गई है. 20 लापरवाह विक्रेताओं को नोटिस दी गई और 7 का लाइसेंस निलंबित किया गया.**

एक अप्रैल से खाद का शत-प्रतिशत वितरण अनिवार्य रूप से ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किया जाना था. लेकिन शुरुआती तीन दिनों में ही कई विक्रेताओं द्वारा नियमों की अनदेखी कर बिना ई विकास प्रणाली के खाद का विक्रय किया. आईएफएमएस पोर्टल से प्राप्त रिपोर्ट की समीक्षा के बाद उपसंचालक कृषि यू. पी. बागरी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मनगवां, हनुमना, हुजूर, सेमरिया और मऊगंज के 7 खुदरा खाद विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं. निलंबन की इस कार्रवाई के दायरे में मेसर्स राम गोपाल गुप्ता मनगवां, मेसर्स साध्वी बीज भण्डार हनुमना, मेसर्स सीताराम गुप्ता हुजूर, मेसर्स सुरेन्द्र कुमार गुप्ता सेमरिया, मेसर्स इन्द्रलाल गुप्ता गढ़, मेसर्स पवन खाद बीज भंडार हुजूर और मेसर्स जीतेन्द्र कुमार गुप्ता देवतालाब शामिल हैं. निलंबन अवधि के दौरान इन दुकानों पर खाद के किसी भी प्रकार के क्रय-विक्रय पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है, साथ ही 20 अन्य विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है. जिन 20 खाद विक्रेताओं को नोटिस जारी किया गया है उनमें मेसर्स सिद्धिविनायक मऊगंज, जितेंद्र कुमार गुप्ता नईगढ़ी, प्रेमलाल गुप्ता मऊगंज, कुशलभान कुशवाहा मऊगंज, सिंह बीज भंडार त्योंथर, सादवी बीज भंडार हनुमना, दशरथ लाल गुप्ता रायपुर कर्चुलियान, आर्य भार्गव ट्रेडर्स मनगवां, प्रतिभा गुप्ता हनुमना और ओम फर्टिलाइजर मनगवां सहित 10 अन्य विक्रेता शामिल हैं.

उप संचालक ने सख्त निर्देश दिए हैं कि सभी विक्रेता केवल ई-विकास प्रणाली का पालन करें और किसानों से भी अपील की गई है कि वे टोकन बुक करने के बाद ही खाद खरीदें.

# शिल्पी प्लाजा में चला विशेष अभियान, 18 हजार रुपये का जुर्माना

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 अप्रैल, नगर पालिक निगम रीवा की स्वच्छता टीम द्वारा शहर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से निरंतर अभियान चलाया जा रहा है.**




इसी क्रम में स्वच्छता टीम द्वारा शिल्पी प्लाजा क्षेत्र में विशेष अभियान चलाते हुए ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई की गई जो अपनी दुकानों के बाहर गंदगी फैला रहे थे एवं निर्धारित कचरा गाड़ी में कचरा नहीं दे रहे थे, जिसके कारण आसपास स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही थी. नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 18,000 रुपये का जुर्माना वसूला. साथ ही संबंधित व्यापारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि भविष्य में कचरा निर्धारित कचरा गाड़ी में ही दें और दुकानों के बाहर गंदगी न फैलाएं. नगर निगम ने शहर के सभी नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें एवं कचरा प्रबंधन के नियमों का पालन करें. कार्यवाही के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी दीपक सिंह तोमर, स्वच्छता निरीक्षक महादेव राठौर, वार्ड दरोगा, आईईसी हेड विवेक परमार, अवनीश शुक्ला सहित अतिक्रमण अमला उपस्थित रहा.

## विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे उप मुख्यमंत्री

**रीवा, 4 अप्रैल,** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल 5 और 6 अप्रैल को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे. उप मुख्यमंत्री 5 अप्रैल को सुबह 11 बजे रीवा से अतरैला के लिए प्रस्थान करेंगे. उप मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे अतरैला में इंटेकवेल टीपी का निरीक्षण करेंगे तथा जवा और गंगेव विकासखंड में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करेंगे. इसके बाद दोपहर 3 बजे जवा पहुंचकर ईश्वरचंद्र विद्यासागर महाविद्यालय जवा के रजत जयंती में शामिल होगे.

# लकी मीट हाउस में ननि का छापा, काटा चालान

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 अप्रैल, शहर के घोघर मोहल्ले में कथित मास बिक्री पर कार्यवाही करने शनिवार को एक बार फिर नगर निगम के कुछ अधिकारी एवं कर्मचारी पहुंच गए.**

कोतवाली पुलिस को सूचना देने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची, हालांकि दुकान में ताला बंद था, लेकिन नगर निगम के वार्ड दरोगा एवं कर्मचारी ताला खुलवाने की बात पर अड़ गए. इस बात को लेकर दुकान संचालक और नगर निगम अमले के साथ काफी देर तक बहस होती रही और काफी समय बाद जब ताला खुलवाया गया तो दुकान में मांस का अपशिष्ट टीम के हाथ लग गया, जिस पर 2 हजार की चालानी कार्रवाई की गई. इधर इस पूरे मामले को लेकर विवाद की स्थिति उस समय निर्मित हो गई जब लकी मीट हाउस के संचालक ने कहा कि मीट मार्केट में फ्रीजर की सुविधा उपलब्ध नहीं है जिसके कारण बचा हुआ सामान उन्हें लाना पड़ता है.

हालांकि इस व्यवस्था को लेकर नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी कोई जवाब देने को तैयार नहीं थे. कार्रवाई करने पहुंचे नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों का कहना था कि मीट मार्केट का निर्माण कराया गया है और शहर में कहीं भी अलग से दुकान संचालित नहीं होगी. नही तो कार्यवाही की जाएगी.

# कमल खिलने के साथ हुई विकास के नए युग की शुरुआत : शुक्ल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 अप्रैल, भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत मंडलों में 24 घंटे का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहे हैं. शनिवार को रीवा विधानसभा के दीनदयाल मंडल कुशाभाऊ ठाकरे अटल मंडल एवं रीवा ग्रामीण मंडल के प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ.**




दीनदयाल मंडल के प्रशिक्षण महाअभियांन का शुभारंभ ग्रीनलैंड में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने करते हुए कहा कि आज हमारी सरकार ने वह काम किया है जिनको लोग असंभव मानते थे हमने बिजली मंत्री रहते हुए पूरे प्रदेश में 24 घंटे बिजली देने की विधानसभा में घोषणा की तो विरोधी दल के लोग उछल पड़े थे और कह रहे थे कि असंभव है हमने उसे पूरा करके दिखाया. 2003 में प्रदेश की जनता ने बंटाधार युग को समाप्त करने के लिए हमारी सरकार को चुना था तभी से प्रदेश में विकास के नए युग की शुरुआत हुई हमने विकास के साथ जन सरोकारों को भी पूरा करने का काम किया है कांग्रेस ने पूरे प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया था और विंध्य को सबसे पिछड़ा क्षेत्र के रूप में पहचान जाता था हमने सड़क बिजली पानी चिकित्सा शिक्षा हर क्षेत्र में अद्भुत पूर्व काम किया है. सत्र की अध्यक्षता रमेश कुशवाहा ने किया. स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष शिवम द्विवेदी ने किया.

### सफलता का राज कार्यकर्ताओं का समर्पण : विजय

भाजपा प्रशिक्षण महा अभियान के प्रदेश प्रभारी रीवा संभाग के संगठन प्रभारी विजय दुबे ने अटल मंडल के प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए कहा किहमारे संगठन की सफलता का राज हमारे कार्यकर्ताओं के समर्पण में है, और यही कारण है कि हम इन कार्यशालाओं व प्रशिक्षण के माध्यम से संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और समर्पण की भावना को और अधिक सशक्त बनाएंगे. कुशा भाऊ ठाकरे मंडल के प्रशिक्षण अभियान का शुभारंभ रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने सिंधु भवन में किया और उन्होंने कहा कि जब कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेने के लिए आते हैं, तो वे नए उत्साह और ऊर्जा से भरे होते हैं. प्रशिक्षण अभियान को सीधी सांसद डॉ राजेश मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ नंदिता पाठक रीवा भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता राजेंद्र ताम्रकार योगेंद्र शुक्ला ने सम्बोधित किया.

## काली फिल्म लगे वाहनों का काटा चालान

**रीवा, 4 अप्रैल,** रीवा की यातायात पुलिस ने बिना नंबर एवं काली फिल्म लगाकर दौड़ रहे वाहनों के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है. शहर में अस्पताल चौराहे के समीप कार्यवाही के दौरान एक काले रंग की वरना कार पर जब यातायात पुलिस कार्यवाही करने पहुंची तो गाड़ी का नंबर अंदर रखा हुआ था और गाड़ी में काली फिल्म होने की वजह से उस पर कार्यवाही की गई. हालांकि कार्यवाही से पहले उक्त वाहन को थाने भेजा गया तो कार शहर के एक प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान पर जाकर रुक गई और सिफारिशो का दौर शुरू हो गया. हालांकि इस दौरान अन्य वाहन चालकों ने जब इसका विरोध किया तो गाड़ी को यातायात थाने लाया गया इसके बाद उसकी काली फिल्म निकाली गई. बताया गया की रीवा शहर के अंदर तेज रफ्तार दौड़ रही एक काले रंग की कार की तलाश पुलिस को काफी समय से थी, हालांकि यह गाड़ी महाराष्ट्र नंबर की है और इसे एक रीवा का युवक चल रहा था, जिसे बचाने के लिए समाजसेवियों सहित कई जनप्रतिनिधियों की घंटियां बजने लगी.

# दोस्तों ने गैंग बना कर चोरी की वारदात को दिया अंजाम

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 अप्रैल, मऊगंज जिले के हनुमना थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है और वारदात में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर लिया है.**

24 मार्च को रानी यादव उम्र 42 साल निवासी ग्राम बसौडी थाना हनुमना सुबह करीबन 9 बजे दिन में अपना खेत काटने चली गयी जबकि उनके पति मवेशियो को लेकर चराने के लिए चले गये थे, घर मे ताला बन्द था. खेत कटाई कर करीबन 11 बजे दिन घर वापस आयी तो देखी कि घर का ताला टूटा था ,घर के अन्दर अटैची मे रखा पायल ,सोने की लाकेट व 40 हजार रूपये नगदी नही थे. जिसके बाद पति पत्नी थाने पहुंचे जहा एक युवक पर चोरी का संदेह व्यक्त करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई पुलिस ने जांच के दौरान संदेही सोनू साकेत निवासी मुरैठा की पता तलास की गई और थाने लाकर पूछताछ की गई तो उसने अपने साथी अजय कुमार साकेत उम्र 19 साल, विजय साकेत उर्फ सिस्टम उम्र 20 साल, श्यामशंकर उर्फ शंखू साकेत उम्र 19 साल सभी निवासी ग्राम मुरैठा थाना हनुमना, राजबहोर साकेत उर्फ टकला उम्र 19 साल निवासी कैछुआ थाना नईगढ़ी के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया. पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी का माल बरामद करने वाले में पेश करके जेल भेज दिया है.

### दो भाईयों पर दुष्कर्म का आरोप

रीवा शहर के सिविल लाइन थाना पहुंची एक महिला ने दो सगे भाइयों के ऊपर अपने साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया है. महिला का आरोप है कि पहले एक भाई ने इलाज करने के नाम पर उसके साथ दुष्कर्म किया तो दूसरे ने शादी का झांसा देकर उसे अपनी हवस का शिकार बनाया. महिला का आरोप है की घटना दिवस वह शिकायत करने पहुंची थी, लेकिन उसे महिला थाना और सिविल लाइन थाना के बीच घूमना पड़ा. महिला ने बताया कि वह कोठी कंपाउंड में फूल बेचने का काम करती है, जहां आरोपी उससे मिला था.